लोक शिक्षण संचालनालय
बेस –लाइन टेस्ट 2021

दिनांक – | कक्षा–11 | विषय –जीव विज्ञान

समय–60 मिनिट | कुल अंक =40

प्राप्तांक =

छात्र/छात्रा का नाम –
स्कूल का नाम –

नोट– 1) सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के है।
2) प्रत्येक प्रश्न का 1 अंक निर्धारित है।
3) इस प्रश्न पत्र में दो भाग है , भाग एक में समस्त प्रश्न बेसिक स्तर अर्थात **N-2** (कक्षा 9) के है, तथा भाग दो में समस्त प्रश्न पूर्व कक्षा अर्थात **N-1** (कक्षा 10) के है।
4) **Part A** एवं **Part B** में पृथक–पृथक 08 अंक लाने वाले विद्यार्थी ही उस भाग में उत्तीर्ण ही माने जाएंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **इनमें से आपके पास कौनसा डिजिटल संसाधन प्रतिदिन उपयोग हेतु उपलब्ध है? (सही विकल्प में टिक लगाएं)** | 1 | ☐ | व्हाट्सएप |
| | 2 | ☐ | टीवी |
| | 3 | ☐ | कोई भी नहीं |

***

# Part A

प्रश्न 1- घेंघा रोग किस ग्रंथि से संबंधित रोग है-
अ) पीयूष ग्रंथि से ब) एड्रिनल ग्रंथि से स) थायराइड ग्रंथि से द) अग्नाशय से

प्रश्न 2- निम्नलिखित में से कौन सी गैस ग्रीन हाउस गैस नहीं है-
अ) मीथेन ब) कार्बन डाइऑक्साइड स) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड द) अमोनिया

प्रश्न -3 जनन का वह प्रकार जिसमें दो जीव भाग लेते हैं उसे कहा जाता है -
अ) लैंगिक जनन ब) अलैंगिक जनन स) कायिक जनन द) पुनरुदभवन

प्रश्न 4- निम्नलिखित में से कौन मलेरिया नामक रोग का वाहक है -
अ) विषाणु ब) मच्छर स) मक्खी द)जीवाणु

प्रश्न -5 संकटापन्न जातियों का रिकॉर्ड किस पुस्तक में रखा जाता है -
अ) रेड डाटा बुक ब) ग्रीन डाटा बुक स) वाइट डाटा बुक द) ब्लू डाटा बुक

प्रश्न 6- किसकी उपस्थिति के कारण एक पादप कोशिका जंतु कोशिका से भिन्न होती है -
अ) कोशिका द्रव्य के कारण ब) केंद्रक के कारण
स) कोशिका झिल्ली के कारण द) कोशिका भित्ति के कारण

प्रश्न 7- क्लोनिंग द्वारा निर्मित संसार के पहले जीव का क्या नाम है-
अ) डॉली गाय ब) गरिमा भैंस स) डॉली भेड़ द) गरिमा बकरी

प्रश्न 8- वे जंतु जो सीधे शिशु को जन्म देते हैं क्या कहलाते हैं –
अ) जरायुज जंतु ब) अंड प्रजक जंतु स) जरायूअंडप्रजक जंतु द) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 9- निम्नलिखित में से किन जीवों में बाह्य निषेचन की प्रक्रिया होती है-
अ) गाय ब) कुत्ता स) मेंढक द) मनुष्य

प्रश्न 10- निम्नलिखित में से केंद्रक से संबंधित रचनाएं हैं-
अ) केंद्रकआवरण ब) केंद्रीका स) केंद्रकीय गुणसूत्र द) उपरोक्त सभी

प्रश्न 11- जिन पैरेनकाइमा में वायुवीय अवकाश पाए जाते हैं उन्हें कहा जाता है -

अ) क्लोरेनकायमा ब) पैरेनकाइमा स) कालेन काइमा द) स्कलेरेन्काइमा

प्रश्न 12-निम्नलिखित में से कौन एक पेशीय ऊतक का प्रकार नहीं है-

अ) रेखित ब) अरेखित स) हृदयक द) उपकला

प्रश्न 13- जंतु जगत के वर्गीकरण की उच्चतम इकाई है -

अ) संघ ब) वर्ग स) गण द) कुल

प्रश्न 14- निम्नलिखित में से कौन बहुकोशिकीय यूकैरियोटिक जीव है-

अ) यूग्लीना ब) हाइड्रा स) अमीबा द) पैरामीशियम

प्रश्न 15- तारा मछली किस संघ का प्राणी है-

अ) सीलेंट्रेटा ब) आर्थ्रोपोडा स) इकाइनोडरमेटा द)हेमीकोर्डेटा

प्रश्न 16- निम्नलिखित में से कौन सा रोग संक्रामक होता है -

अ) कैंसर ब) उच्च रक्तचाप स) मोटापा द) एड्स

प्रश्न 17- किस कोशिका अंगक को आत्मघाती थैली कहा जाता है-

अ) लाइसोसोम ब) राइबोसोम स) सैंटरोसोम द) अंतप्र:द्रव्यी जालिका

प्रश्न 18- अर्धसूत्री विभाजन में कोशिका विभाजन के दौरान एक कोशिका से कितनी नई संतति कोशिकाएं बनती हैं - अ) 2

ब) 4 स) 6 द) 8

प्रश्न 19- निम्नलिखित में से किसमें अस्पष्ट केंद्रक पाया जाता है –

अ) हाइड्रा ब) पैरामीशियम स) यूग्लीना द) जीवाणु

प्र.20 वायु की अनुपस्थिति में होने वाले श्वसन को कहा जाता है –

अ) वायुवीय श्वसन ब) अवायुवीय श्वसन स) क्रेब्स चक्र द ) उपरोक्त सभी

****

## Part B

प्र.21 भोजन नली के किस भाग में भोजन का पूर्णरूपेण पाचन हो जाता है –

अ) आमाशय ब) छोटी आंत स) बड़ी आंत द ) रेक्टम

प्र.22 स्वपोषी पोषण हेतु आवश्यक है –

अ) कार्बन डाई ऑक्साइड ब) जल स ) सूर्य का प्रकाश द ) उपर्युक्त सभी

प्र.23 मनुष्य के शरीर में फुफ्फुसीय धमनी का कार्य है –

अ) शुद्ध रक्त का परिवहन ब) अशुद्ध रक्त का परिवहन स) ऑक्सीजन युक्त रक्त का परिवहन द ) उपरोक्त सभी

प्र.24 मनुष्य का हृदय बना होता है –

अ) दो आलिन्द व एक निलय से ब) एक आलिन्द व दो निलय से

स) दो आलिन्द व दो निलय से द ) तीन आलिन्द व एक निलय से

प्र.25 मानव में प्रतिवर्ती क्रिया हेतु उत्तरदायी है –

अ) प्रमस्तिष्क ब) सेरीबेलम स )मेरूरज्जु द) हाइपोथेलेमस

प्र.26 एक सीधी रेखा में गमन हेतु मस्तिष्क का कौन सा भाग उत्तरदायी होता है –

अ) अनु मस्तिष्क ब) मध्य मस्तिष्क स) मेरूरज्जु द ) अग्र मस्तिष्क

प्र.27 मनुष्य में पुरूषों में बनने वाला हार्मोन है –

अ) एस्ट्रोजन ब) टेस्टोस्टेरॉन स) प्रोजेस्टेरॉन द ) उपरोक्त सभी

प्र.28 निम्नलिखित में से कौन सा पादप हार्मोन है –

अ) वेसोप्रेसिन ब) एड्रीनेलिन स) साइटोकाइनिन द ) थाइरॉक्सिन

प्र.29 परागकोश में क्या पाए जाते है –

अ) अण्डप ब) परागकण स) अण्डाशय द ) बाह्य दल

प्र.30 नर तथा मादा युग्मक के संलयन की क्रिया कहलाती है –

अ) परागण ब) निषेचन स) अलैंगिक जनन द ) कलिकायन

प्र.31 पृथ्वी पर जीवन की उत्पति हुई –

अ) जल में     ब) स्थल में     स) वायु में     द ) उपरोक्त सभी में

प्र.32 समजात अंगों का उदाहरण है –

अ) हमारा हाथ तथा कुत्ते के अग्र पाद     ब) हमारे दाँत तथा हाथी के दाँत

स) चमगादड़ के पंख तथा पक्षी के पंख     द ) उपरोक्त सभी

प्र.33 मनुष्य की एक कोशिका में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होती है –

अ) 23 जोड़े     ब) 24 जोड़े     स)20 जोडे     द ) 22 जोड़े

प्र.34 मेण्डल ने वंशागति के कितने नियम दिए –

अ) 3     ब) 2     स) 4     द ) 1

प्र.35 तारों का टिमटिमाना किस वायुमण्डलीय घटना के कारण होता है –

अ) प्रकाश का वर्ण विक्षेपण     ब) प्रकाश का परावर्तन

स) प्रकाश का अपवर्तन     द ) प्रकाश का आंतरिक परावर्तन

प्र.36 ओजोन परत के क्षय का मुख्य कारण है –

अ) क्लोरो फ्लोरो कार्बन     ब) कार्बन डाई ऑक्साइड     स) मीथेन     द) अमोनिया

प्र.37 अम्लीय वर्षा के लिए उत्तरदायी है –

अ) मीथेन , अमोनिया     ब) सल्फर डाई ऑक्साइड व नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड

स) कार्बन डाई ऑक्साइड , मीथेन     द ) अमोनिया व जल

प्र.38 ओजोन परत का अधिकांश भाग पाया जाता है –

अ) क्षोभमण्डल में     ब) समताप मण्डल में     स) आयन मण्डल में     द )बाह्य मण्डल में

प्र.39 जल प्रदूषण परिणाम है –

अ) जल के अपव्यय का     ब) कीटनाशकों के प्रयोग का     स) अजैव निम्नीकरणीय पदार्थों का     द ) उपरोक्त सभी का

प्र.40 वायु प्रदूषण के मुख्य घटक हैं –

अ) कार्बन मोनोआक्साइड     ब) सल्फर डाई ऑक्साइड व नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड

स) कार्बन डाई ऑक्साइड     द) उपरोक्त सभी